# 3254 करोड़ के प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

## लक्ष्य से तीन गुणा निवेश की तैयारी, केला फार्म्स में 11 बजे से होगा आयोजन

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT 10-12 FEBRUARY, 2023

**जागरण संवाददाता, हाथरस :** जिले के औद्योगिक क्षेत्र के लिए मंगलवार का दिन खास होगा। इस दिन जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट अलीगढ़ रोड स्थित केला फार्म्स में होगी। यहां जिले में 3254 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। कुल 151 निवेशकों ने जिले में निवेश के लिए सहमति जताई है। इनमें से 138 उद्यमियों ने एमओयू भी साइन कर दिए हैं।

24 जनवरी को होने वाली इन्वेस्टर्स समिट के लिए अधिकारी तैयारी में लगे हैं। जिले की भौगोलिक स्थित को देखते हुए कई कंपनियां यहां निवेश की तैयारी में है। आसपास के जनपदों के साथ ही दिल्ली, नोएडा के निवेशकों ने सहमति जताई है। कुल 151 कंपनियों और निवेशकों ने निवेश के लिए हामी भरी है। इनमें 138 उद्यमी एमओयू साइन कर चुके हैं। एमएसएमई के तहत 74 निवेशकों ने 1198 करोड़ निवेश के लिए सहमति जताई है।

इनमें से 71 ने एमओयू भी साइन कर दिए हैं। इसके साथ अन्य क्षेत्र जैसे कृषि, दुग्ध, फूड, चिकित्सा, हेंडलूम, आइटी, पर्यटन क्षेत्र में 76 निवेशकों ने इन्वेस्ट के लिए सहमति जताई है। यह आयोजन 11 बजे से होगा। सांसद राजवीर सिंह दिलेर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विधायक अंजुला माहौर और बीरेंद्र सिंह राणा विशिष्ट अतिथि होंगे। सोमवार को सीडीओ साहित्य प्रकाश मिश्र ने समिट की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग अजलेश कुमार भी मौजूद रहे।



केला फार्म्स में तैयारियों का जायजा लेते मुख्य विकास अधिकारी साहित्य प्रकाश मिश्र ● सौ. सूचना विभाग

### सात हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

जिले में 150 कंपनियों के निवेश करने से यहां पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उम्मीद की जा रही है कि नए-नए उद्यमों की स्थापना से सात हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने के आसार हैं।

### यूपीसीडा को मिल चुकी है 566 एकड़ जमीन

उद्योगों के विकास के लिए यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल अथारिटी ने तैयारी शुरू कर कर दी है। सलेमपुर औद्योगिक आस्थान के आसपास मोहन मिकिंस को आवंटित की गई जमीन का आवंटन निरस्त होने के बाद 566 एकड़ जमीन यूपीसीडा के खाते में आ गई है। नगला कांच, सिंचावली, गंगरौल, बहेटा आदि गांवों के गाटा इसमें शामिल हैं। अब यूपीसीडा यहां कब्जा लेने जा रही है। यह जमीन उद्यमियों को आवंटित की जाएगी।

**1198** **करोड़ का एमएसएमई क्षेत्र में निवेश करेंगी विभिन्न कंपनियां, अन्य क्षेत्र में भी करीब दो हजार करोड़ का होगा निवेश**

### बाहर की कई कंपनियों ने जताई सहमति

हाथरस में दिल्ली-नोएडा की कई कंपनियों ने निवेश पर सहमति जताई है। दिलशाद गार्डन दिल्ली के श्री कृष्णा पालीमर्स फर्म यहां निवेश के लिए तैयारी में है। इस फर्म पीवीसी प्रोडक्ट की यूनिट के लिए लिए सहमित जताई है। नोएडा की निशांत स्टील फर्म भी हाथरस में यूनिट लगाने की तैयारी कर रही है।

### रीयल एस्टेट क्षेत्र में 100 करोड़ से ज्यादा का करार

समिट में रीयल एस्टेट क्षेत्र में 100 करोड़ से ज्यादा निवेश की तैयारी है। करीब आठ कारोबारियों ने करार किया है। कई बड़ी कालोनियां बनेंगी। 100 करोड़ के निवेश से रीयल एस्टेट क्षेत्र में बूम जरूर आएगा। रीयल एस्टेट क्षेत्र में एजीएम इंफ्रा ने 20 करोड़ का निवेश करने पर सहमित जताई है। वसुंधरा ग्रुप ने 25 करोड़, शालानी इंफ्रा एंड बिल्डर्स ने 20 करोड़, शालानी इंफ्रा होम्स प्राइवेट लिमिटेड ने 20 करोड़ के निवेश पर सहमति जताई है। इसके साथ कुछ अन्य कारोबारियों ने निवेश के लिए करार किया है।

" इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए एक हजार करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य मिला था। इससे तीन गुना निवेश की तैयारी है। बड़ी कंपनियों के निवेश से हाथरस के उद्यम क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा।



**अर्चना वर्मा**, जिलाधिकारी हाथरस

### जिले में मिलेगा अनुकूल माहौल

आगरा टीटीजेड में आता है। ऐसे में वहां उद्यमों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इस लिहाज से हाथरस निकटवर्ती जिला होने के कारण निवेशक यहां दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वहीं कनेक्टिविटी, संसाधन और भूमि के दामों को देखते हुए भी निवेशक यहां विभिन्न उत्पादों की फैक्ट्री लगाने का मन बन रहे हैं। सलेमपुर इंडस्ट्रियल एरिया में ज्यादातर कंपनियां निवेश करने की तैयारी में लगी हैं। जिला प्रशासन की मानें तो हाथरस में निवेशकों को उद्यम के लिए अनुकूल माहौल दिया जाएगा।